**Series LRH/2**

Code No. **32/2/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **10** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **29** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# SOCIAL SCIENCE

# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i)* *There are* ***29*** *questions in all. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii)* *Questions from serial number* ***1*** *to* ***10*** *are* ***1****-mark questions. Answers of these questions may be from* ***one word*** *to* ***one sentence*** *each.*

*(iv)* *Questions from serial number* ***11*** *to* ***18*** *are* ***3****-marks questions. Answers of these questions may be given in* ***60 – 80*** *words each.*

*(v)* *Questions from serial number* ***19*** *to* ***28*** *are* ***4****-marks questions. Answers of these questions may be given in* ***80 – 100*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***29*** *is a map work question. Attach the map inside your answer book.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कुल* ***29*** *प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***10*** *तक के प्रश्न* ***एक-एक*** *अंक के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर* ***एक शब्द*** *से* ***एक वाक्य*** *में होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***18*** *तक के प्रश्न* ***तीन-तीन*** *अंकों के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर* ***60 – 80*** *शब्दों में होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***28*** *तक के प्रश्न* ***चार-चार*** *अंकों के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर* ***80 – 100*** *शब्दों में होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***29*** *मानचित्र से संबंधित प्रश्न है । दिया गया मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए ।*

**1.** What was the result of the first upheaval that took place in France in July 1830 ? *1*

**OR**

Name the founder of the Hoa Hao Movement. *1*

जुलाई 1830 में फ्रांस में हुए प्रथम विद्रोह का क्या परिणाम हुआ ?

**अथवा**

होआ हाओ आन्दोलन के संस्थापक का नाम लिखिए ।

2. Why couldn't the ever increasing demand for books be satisfied by the production of handwritten manuscripts ? *1*

**OR**

What was the main objective of introduction of circulating libraries in 1740 in France ? *1*

किताबों की बढ़ती माँग हस्तलिखित पाँडुलिपियों से क्यों पूरी नहीं हो सकती थी ?

**अथवा**

फ्रांस में सन् 1740 में चल पुस्तकालयों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

3. Which is the most widely spread and important soil in India ? *1*

भारत में सर्वाधिक विस्तृत रूप से फैली हुई तथा महत्त्वपूर्ण मृदा कौनसी है ?

4. Give two examples of abiotic resources. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

अजैव संसाधनों के दो उदाहरण दीजिए ।

5. Classify energy resources into two groups. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

ऊर्जा संसाधनों को दो वर्गों में बाँटिए ।

6. What is agglomeration economies ? *1*

समूहन बचत किसे कहते हैं ?

7. Name the two major social groups of Sri Lanka. *1*

श्री लंका के दो प्रमुख सामाजिक समूहों के नाम बताइए ।

8. Name the language which is spoken by the majority of the people in Brussels. *1*

ब्रूसेल्स में बहुसंख्यक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा का नाम बताइए ।

9. Which countries are known as rich countries on the basis of per capita income ? *1*

प्रति व्यक्ति आय के आधार पर कौनसे देश समृद्ध देश जाने जाते हैं ?

10. What is a Multinational Corporation ? *1*

बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते हैं ?

11. Describe in brief the great economic hardships during the 1830s in Europe. *3*

**OR**

Name the most influential book of Phan Boi Chau. Write about the two themes related to this book. *1+1+1=3*

1830 के दशक के दौरान यूरोप में भारी आर्थिक कठिनाइयों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

फान बोई चाऊ की सबसे प्रभावशाली पुस्तक का नाम बताइए । इस पुस्तक से सम्बन्धित दो विचारों (थीम) के विषय में लिखिए ।

12. "A Satyagrahi wins the battle through non-violence." Explain with examples. *3*

''अहिंसा के माध्यम से एक सत्याग्रही अपनी लड़ाई में जीत प्राप्त कर लेता है ।'' उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

13. Study the given passage and answer the questions that follow : *1+2=3*

**The Independence Day Pledge, 26 January 1930**

"We believe that it is the inalienable right of the Indian people, as of any other people, to have freedom and to enjoy the fruits of their toil and have the necessities of life, so that they may have full opportunities of growth. We believe also that if any government deprives a people of these rights and oppresses them, the people have a further right to alter it or to abolish it. The British Government in India has not only deprived the Indian people of their freedom but has based itself on the exploitation of the masses, and has ruined India economically, politically, culturally, and spiritually. We believe, therefore, that India must sever the British connection and attain Purna Swaraj or Complete Independence."

(13.1) Who was the President of the Congress when the decision was taken to celebrate 26 January 1930 as Independence Day ?

(13.2) Why must India sever the British connection and attain Purna Swaraj ? Explain briefly.

दिए गए अनुच्छेद का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**स्वतंत्रता दिवस की शपथ, 26 जनवरी 1930**

"हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (inalienable) अधिकार है कि उन्हें आज़ादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले, और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हों जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें । हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है तो जनता को भी सरकार को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है । भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतंत्रता से वंचित किया है बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और देश को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है । इसलिए हमारा विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी सम्बन्धों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए ।"

(13.1) जब 26 जनवरी 1930 को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया, उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे ?

(13.2) भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ सम्बन्धों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज क्यों प्राप्त करना चाहिए था ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

**14.** Explain the effects of print culture in the religious sphere in early modern Europe. *3*

**OR**

Explain the teachings given by Srinivas Das in his novel 'Pariksha-Guru'. *3*

आधुनिक यूरोप के प्रारम्भ में छपाई (मुद्रण) के धार्मिक क्षेत्र में पड़े प्रभावों को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

श्रीनिवास दास द्वारा अपने उपन्यास 'परीक्षा-गुरु' में दी गई शिक्षाओं को स्पष्ट कीजिए ।

**15.** How do we have different identities in different contexts ? Explain with suitable examples. *3*

विभिन्न संदर्भों में हमारी पहचान किस प्रकार अलग-अलग रूपों में होती है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

**16.** Explain how the proper representation of women in legislature can solve the problem of gender based discrimination in India. *3*

भारत में विधायिका में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व लैंगिक भेदभाव की समस्या को कैसे हल कर सकता है ? स्पष्ट कीजिए ।

17. Study the data given in the table and answer the questions that follow : *1+2=3*

**SOME COMPARATIVE DATA ON PUNJAB, KERALA AND BIHAR**

| State | Infant Mortality Rate per 1,000 (2003) | Literacy Rate (%) (2001) | Net Attendance Ratio for Class I – V (1995 – 96) |
|---|---|---|---|
| Punjab | 49 | 70 | 81 |
| Kerala | 11 | 91 | 91 |
| Bihar | 60 | 47 | 41 |

(17.1) Which state has the lowest infant mortality rate ?

(17.2) Why does this state have the lowest infant mortality rate in comparison to other states ?

तालिका में दिए गए आँकड़ों का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**पंजाब, केरल और बिहार के कुछ तुलनात्मक आँकड़े**

| राज्य | शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 व्यक्ति (2003) | साक्षरता दर % (2001) | कक्षा I से V का निवल उपस्थिति अनुपात (1995 – 96) |
|---|---|---|---|
| पंजाब | 49 | 70 | 81 |
| केरल | 11 | 91 | 91 |
| बिहार | 60 | 47 | 41 |

(17.1) किस राज्य में शिशु मृत्यु दर सबसे कम है ?

(17.2) अन्य राज्यों की तुलना में इस राज्य में शिशु मृत्यु दर सबसे कम क्यों है ?

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates only****, in lieu of Q. No. 17.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 17 के स्थान पर है ।*

Which state of India has the lowest infant mortality rate ? Give two reasons for its having the lowest infant mortality rate. *1+2=3*

भारत के किस राज्य में सबसे कम शिशु मृत्यु दर है ? इसमें सबसे कम शिशु मृत्यु दर होने के दो कारण बताइए ।

**18.** Explain how globalisation can be made fairer. *3*

वैश्वीकरण को अधिक न्यायसंगत कैसे बनाया जा सकता है, स्पष्ट कीजिए ।

**19.** What were the main sources of attraction for Europeans to come to Africa in the late nineteenth century ? How did they exploit their resources ? *2+2=4*

**OR**

Explain the role of Indian merchants and bankers in the network of export trade. *4*

**OR**

Why were mass housing schemes planned for workers in London, after the Russian Revolution in 1917 ? Explain. *4*

उन्नीसवीं सदी के अन्त में यूरोपवासियों के लिए अफ्रीका में पहुँचने के आकर्षण के मुख्य स्रोत क्या थे ? वहाँ उन्होंने उनके संसाधनों का किस प्रकार शोषण किया ?

**अथवा**

निर्यात व्यापार के नेटवर्क में भारतीय व्यापारियों और बैंकरों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

रूस की क्रान्ति के बाद सन् 1917 में लन्दन में, मजदूरों के लिए आवासीय योजनाएँ क्यों प्रारम्भ की गईं थीं ? स्पष्ट कीजिए ।

**20.** Why is the growth rate in agriculture decelerating ? How did the Government of India make efforts to modernise agriculture ? Explain. *4*

कृषि में विकास दर कम क्यों हो रही है ? भारत सरकार ने कृषि के आधुनिकीकरण के लिए किस प्रकार प्रयास किए हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

**21.** What is the main reason of water pollution ? How can the industrial pollution of fresh water be reduced ? Suggest three ways. *1+3=4*

जल प्रदूषण का मुख्य कारण क्या है ? स्वच्छ जल का औद्योगिक प्रदूषण किस प्रकार कम किया जा सकता है ? तीन सुझाव दीजिए ।

22. What is the meaning of road density ? Describe any three major problems faced by road transportation in India. *1+3=4*

सड़क घनत्व का क्या अर्थ है ? भारतीय सड़क परिवहन के समक्ष उपस्थित किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

23. Explain any four features of federalism. *4×1=4*

संघीय व्यवस्था की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

24. What is the necessity of political parties in a democratic set-up ? Explain any four points. *4×1=4*

लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों की क्या आवश्यकता है ? किन्हीं चार बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए ।

25. "Most of the democracies of the world face the challenge of expansion and challenge of deepening of democracy." Justify the statement. *4*

''विश्व की अधिकांश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सामने उनके विस्तार और मजबूत करने सम्बन्धी प्रमुख समस्याएँ हैं ।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

26. "Income and employment will increase if the farmers are provided irrigation and marketing facilities." Justify the statement. *4*

''यदि किसानों को सिंचाई और विपणन की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ तो आय और रोजगार में वृद्धि हो सकेगी ।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

27. Why are the deposits in the banks called 'demand deposits' ? What are the benefits of deposits with the banks ? *1+3=4*

बैंकों में जमा धन को 'माँग-जमा' क्यों कहा जाता है ? बैंकों में जमा धन रखने से क्या लाभ हैं ?

28. Explain with examples 'Right to Information' to the consumers. *4*

उपभोक्ताओं के 'सूचना पाने के अधिकार' की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

**29.** Six features with serial numbers (1) to (6) are marked in the given political outline map of **India** (on page 11). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map : *6×1=6*

(1) The place from where the movement of Indigo planters was started

(2) The place where Indian National Congress Session 1920 was held

(3) The leading rubber producing state

(4) A major iron-ore mine

(5) A major coal mine

(6) The terminal station of National Highway 1

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the given political outline map of **India** (on page 12) : *6×1=6*

(i) Bardoli

(ii) Chennai (Madras)

(iii) Tehri Dam

(iv) Tuticorin — Thermal Power Station

(v) Bhubaneshwar — Software Technology Park

(vi) Kochi — Sea-port

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में क्रम संख्या (1) से (6) द्वारा छः लक्षण अंकित किए गए हैं । नीचे दी गई जानकारी की मदद से इन लक्षणों को पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र में अंकित रेखाओं पर लिखिए :

(1) वह स्थान जहाँ से नील की खेती करने वाले किसानों ने आंदोलन शुरू किया था

(2) वह स्थान जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था

(3) रबड़ का अग्रणी उत्पादक राज्य

(4) एक प्रमुख लोह-अयस्क खान

(5) एक प्रमुख कोयला खान

(6) राष्ट्रीय महामार्ग 1 का अन्तिम सिरे का स्टेशन

**अथवा**

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों द्वारा दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) बारडोली

(ii) चेन्नई (मद्रास)

(iii) तेहरी बाँध

(iv) तूतीकोरिन — ताप-शक्ति केन्द्र

(v) भुवनेश्वर — सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(vi) कोची — समुद्री-पत्तन

***Note :*** *The following questions are for the* ***Blind Candidates only,*** *in lieu of Q. No. 29.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं ।*

(29.1) Name the place from where the movement of Indigo planters was started..

(29.2) At which place was the Indian National Congress Session 1920 held ?

(29.3) Which is the leading rubber producing state of India ?

(29.4) Name the terminal stations of National Highway 1.

(29.5) Name the software technology park located in Orissa.

(29.6) Which is the major sea-port in Kerala ? *6×1=6*

(29.1) नील की खेती करने वाले किसानों का आन्दोलन किस स्थान पर शुरू हुआ था ?

(29.2) सन् 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन किस स्थान पर हुआ था ?


(29.3) भारत का अग्रणी रबड़ उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(29.4) राष्ट्रीय महामार्ग 1 के अन्तिम सिरों के स्टेशनों के नाम बताइए ।

(29.5) उड़ीसा में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम बताइए ।

(29.6) केरल में प्रमुख समुद्री-पत्तन कौनसा है ?

## Outline Map of India (Political)
## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)



For question no. 29 **OR**

प्रश्न सं. 29 **अथवा** के लिए

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

